हरिभूमि

# गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, सोमवार 23 मार्च 2026

06 चेतना साहित्य व कला परिषद की कवि गोष्ठी संपन्न




07 सूखी जमीन पर 'लाल सोने' की बहार किसान ने उगाई अमेरिकन...





## समाचार संक्षेप

### राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम से 6 बच्चों को नया जीवन मिलेगा



गुना। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत हृदय रोग से ग्रसित बच्चों के उपचार के लिए जिले में प्रभावी पहल की गई है। हाल ही में संदिग्ध बच्चों की जांच के लिए उन्हें शिवपुरी में आयोजित चिकित्सा शिविर में ले जाया गया, जहां विशेषज्ञों ने इको जांच की।जांच के बाद 2 बच्चे सामान्य पाए गए, 8 को दवाओं पर रखा गया, जबकि 1 बच्चे को उच्च स्तरीय उपचार के लिए मुंबई रेफर किया गया। वहीं 6 बच्चों में हृदय सर्जरी की आवश्यकता पाई गई, जिनका ऑपरेशन निःशुल्क कराया जाएगा।स्वास्थ्य विभाग के अनुसार पात्र बच्चों का समय पर चिन्हांकन कर उन्हें त्वरित और गुणवत्तापूर्ण उपचार उपलब्ध कराया जा रहा है, जिससे उनके बेहतर स्वास्थ्य और सुरक्षित भविष्य की राह सुनिश्चित हो रही है।

### तीन दिन के अवकाश के बाद आज होगी बंपर आवक, रविवार को ही खचाखच भरी मंडी



गुना। कृषि उपज मंडी नानाखेड़ी में सोमवार को अनाज की रिकॉर्ड आवक होने की संभावना है। लगातार तीन दिनों के अवकाश के कारण क्षेत्र के किसान अपनी उपज बेचने के लिए बेताब हैं। आलम यह है कि सोमवार को मंडी खुलने से पहले ही रविवार दोपहर तक मंडी प्रांगण ट्रैक्टर-ट्रॉलियों से पूरी तरह खचाखच भर गया। गौरतलब है कि शुक्रवार को गुड़ी पड़वा, शनिवार को ईद और रविवार के साप्ताहिक अवकाश के चलते मंडी में पिछले तीन दिनों से नीलामी कार्य बंद था। लंबी छुट्टी के बाद मंडी खुलने की खबर से किसान रविवार सुबह से ही अपनी फसलें लेकर मंडी पहुंचने लगे। मंडी प्रबंधन को सोमवार को भारी भीड़ की उम्मीद है, जिसके लिए सुरक्षा और सुचारू नीलामी के विशेष इंतजाम किए जा रहे हैं। किसानों को सलाह दी गई है कि वे व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करें ताकि उपज की तुलाई और नीलामी कार्य सुचारू रूप से संपन्न हो सके।

### बीस भुजी मेले में मिक्की माउस झूले से गिरकर बच्चा घायल



**गुना।** जिले के बजरंगगढ़ थाना क्षेत्र स्थित प्रसिद्ध बीस भुजा देवी मंदिर मेले में रविवार को एक बड़ा हादसा हो गया। यहाँ मिक्की माउस झूले पर झूलते समय अचानक आई तेज हवा के कारण एक मासूम बच्चा अनियंत्रित होकर नीचे पत्थरों पर गिर गया और मलबे में दब गया। इस दुर्घटना में बच्चे के सिर में गंभीर चोटें आई हैं और उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। वहीं दो अन्य बच्चों को भी मामूली चोटें आई हैं। घायल बच्चे की पहचान आशुतोष (7 वर्ष), पिता नरेंद्र शर्मा, निवासी शाढ़ौरा जिला अशोकनगर के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, आशुतोष अपनी मां संगीता शर्मा और अन्य परिजनों के साथ बीस भुजा देवी के दर्शन करने आया था। दर्शन के बाद वह मेले में मिक्की माउस झूले का आनंद ले रहा था, तभी अचानक मौसम बदला और तेज हवा चली। हवा के दबाव से हवा भरा झूला डगमगा गया और बच्चा उछलकर सीधे नीचे पड़े पत्थरों पर जा गिरा। माता संगीता शर्मा ने रुंधे गले से बताया कि हादसा इतना अचानक हुआ कि किसी को संभलने का मौका नहीं मिला। आनन-फानन में घायल बच्चे को जिला अस्पताल लाया गया, जहाँ उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे क्रिटिकल केयर यूनिट में भर्ती किया गया है। मेले में सुरक्षा इंतजामों को लेकर एक बार फिर सवाल खड़े हो रहे हैं। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि अगर झूला जमीन से सही तरह से बंधा होता, तो शायद हवा के झोंके से यह हादसा नहीं होता। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## 35 वर्षों का सपना साकार, कुंभराज में पत्रकार भवन का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭चांचौड़ा

पत्रकार संघ के तत्वावधान में पुरानी तहसील प्रांगण में नवीन पत्रकार भवन के लोकार्पण समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि अनुविभागीय अधिकारी रवि मालवीय ने नवीन पत्रकार भवन का गरिमामयी माहौल में शुभारंभ किया।





### विशेष अतिथियों की उपस्थिति

समारोह में विशेष अतिथि के रूप में नगर परिषद अध्यक्ष शारदादेवी साहू, भाजपा मंडल अध्यक्ष रोहित कासट, प्रेस क्लब के जिला अध्यक्ष आनन्द लोढ़ा, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष राजेन्द्र कासट, लोकतंत्र सेनानी बृजमोहन मैथिल, और मीना समाज के जिला अध्यक्ष विक्रमसिंह मीणा उपस्थित रहे। वरिष्ठ पत्रकार ब्रजेश श्रीवास्तव ने भी कार्यक्रम को गौरवपूर्ण बनाया।

इस अवसर पर पीतांबरा माई और सरस्वती माता के छायाचित्र पर दीप प्रज्ज्वलन और नौ कन्याओं का पूजन-अर्चना किया गया।

### अतिथियों का स्वागत

अतिथियों का स्वागत पत्रकार संघ के संरक्षक और वरिष्ठ पत्रकार राजेन्द्र सेन, अध्यक्ष अवनीश राजोरिया, श्रवण मीणा, विष्णु मैथिल, हेमन्त पाटीदार, सन्देश अग्रवाल, इदरीश मंसूरी और रवि अग्रवाल द्वारा किया गया।

### पत्रकार भवन की भूमिका और महत्व

अतिथियों ने अपने उद्बोधन में पत्रकार भवन को लोकतंत्र के चौथे स्तम्भ के रूप में महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि यह भवन शासन और जनता के बीच सेतु की भूमिका निभाते हुए पत्रकारों को जनहित की गतिविधियों को संचालित करने में सक्षम बनाएगा। यहाँ शिविर, गोष्ठियाँ और जानकारी का सृजन होगा जिससे समाज को रचनात्मक और सामाजिक लाभ मिलेगा।






### लोकार्पण समारोह का उत्सव

भवन का उद्घाटन कन्या पूजन और फीता काटकर किया गया। इस अभिनव पहल की सराहना सांसद प्रतिनिधि कमलेश साहू, दयाराम बुनकर, मनीष शिवहरे, नीरज मालवीय, सुरेश काकानी, नंदकिशोर शर्मा सहित कई अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने की।

### सामाजिक और साहित्यिक सहभागिता

कार्यक्रम में भारत विकास परिषद के नरेन्द्र कासट, राजेश श्रीमाल, सुधीर शर्मा, हिन्दू उत्सव समिति के अध्यक्ष श्यामसुंदर बिहानी, अग्रवाल समाज अध्यक्ष प्रशांत अग्रवाल, सरोवर संस्था के रामकिशोर शर्मा, सेन समाज के जिला अध्यक्ष दिलीप सेन, पार्षद मंटिलाल भील और अन्य समाज के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

समारोह के अंत में वरिष्ठ पत्रकार राजेन्द्र सेन ने कहा कि पत्रकार भवन की कल्पना पिछले 35 वर्षों से की जा रही थी, जो प्रशासन के सहयोग से पूरी हुई। संघ इस भवन से जनहित की गतिविधियों को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है।

### विशेष अभिनंदन

तहसील के ग्राम माड़ाखेड़ा के लीलाधर मीणा की बेटी देवांगी के कलेक्टर बनने पर पत्रकार संघ के पदाधिकारियों ने स्वागत और सम्मान किया। कार्यक्रम का समापन सहभोज और सभी उपस्थित लोगों के आभार व्यक्त करने के साथ हुआ।

20 लाख लेकर एक करोड़ नकदी ले जा रही गाड़ी छोड़ने का आरोप

## नोटकांड में हुई बड़ी कार्रवाई, थाना प्रभारी समेत 4 पुलिसकर्मी निलंबित

**20 लाख लेकर एक करोड़ नकदी ले जा रही गाड़ी छोड़ने का आरोप**

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

जिले में सनसनी फैलाने वाले 'नोटकांड' मामले में पुलिस प्रशासन ने बेहद सख्त कदम उठाया है। विभाग की छवि धूमिल होने और अनुशासनहीनता के गंभीर आरोपों के बाद, धरनावदा थाना प्रभारी सहित चार पुलिसकर्मियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। इस कार्रवाई के बाद से पूरे पुलिस महकमे में हड़कंप मचा हुआ है। डीआईजी के अनुसार यह प्रारंभिक करवाई है इसके बाद गहन जांच के उपरांत दोषी पाए जाने पर और भी लोगों पर सख्त कार्रवाई की जा सकती है। प्रारंभिक जांच में भूमिका संदिग्ध पाए जाने पर फिलहाल चार पुलिसकर्मियों को सस्पेंड किया गया है।

### इन पुलिसकर्मियों पर गिरी गाज

प्रभात कटारे (थाना प्रभारी, एसआई) साजिद हुसैन (एएसआई) देवेन्द्र सिंह सिकरवार (प्रधान आरक्षक) सुंदर रमन (आरक्षक)



मामले की गंभीरता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि ग्वालियर रेंज के डीआईजी अमित सांघी स्वयं इस पूरे घटनाक्रम की मॉनिटरिंग कर रहे हैं। जानकारी के अनुसार, डीआईजी ने शनिवार देर रात तक धरनावदा थाने के संबंधित पुलिसकर्मियों से बंद कमरे में कड़ी पूछताछ की। पूछताछ के दौरान कई तकनीकी और जमीनी साक्ष्यों को सामने रखकर जवाब मांगे गए।

### यह केवल शुरुआती कार्रवाई

डीआईजी अमित सांघी ने स्पष्ट लहजे में कहा है कि यह केवल शुरुआती कार्रवाई है। उन्होंने इस मामले की एक विस्तृत और गहन जांच के आदेश जारी कर दिए हैं। उन्होंने मीडिया से चर्चा में कहा, निलंबन मात्र प्रक्रिया का हिस्सा है, हमारा उद्देश्य इस कांड की तह तक जाना है। विभाग में किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि या भ्रष्टाचार को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### सिवनी कांड से हो रही तुलना

सिवनी की तरह गुना जिले में एक बार फिर संदिग्ध हवाला लेन-देन और पुलिस की भूमिका पर सवाल खड़े हो गए हैं। गुना के धरनावदा थाना क्षेत्र में सिवनी जैसे कथित कांड की तर्ज पर नया मामला सामने आया है, जहां पुलिस पर 1 करोड़ रुपए की नकदी में से 20 लाख रुपए लेकर वाहन को छोड़ने का आरोप लगा है।

### क्या है पूरा मामला सूत्रों के हवाले से

अब तक जो जानकारी सामने आई है उसके अनुसार गुरुवार-शुक्रवार की दरम्यानी रात नेशनल हाईवे-46 पर रूठियाई चौकी के पास वाहन चेकिंग के दौरान गुजरात नंबर (GJ 05 RK 9351) की स्कॉर्पियो को रोका गया। तलाशी में गाड़ी से करीब 1 करोड़ रुपए कैश मिलने की बात सामने आई।सूत्रों के मुताबिक, पुलिस और कारोबारी के बीच 'सेटलमेंट' हुआ। जिसमें आरोप है कि 20 लाख रुपए में मामला तय किया गया, जिसके बाद पुलिस ने करीब 80 लाख रुपए वापस कर दिए और वाहन को जाने दिया।

### गुजरात आईपीएस के फोन से आया नया मोड़

मामले ने तब नया मोड़ लिया, जब गुजरात के एक आईपीएस अधिकारी का फोन आने की चर्चा सामने आई। बताया है कि इसके बाद पुलिस ने पहले लिए गए 20 लाख रुपए भी वापस कर दिए, जिससे पूरे घटनाक्रम पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं।

### वरिष्ठ अधिकारियों को नहीं दी गई जानकारी

शुरुआती जानकारी के अनुसार, इतनी बड़ी नकदी की बरामदगी की सूचना उच्च अधिकारियों तक नहीं पहुंचाई गई। पूरा 'खेल' थाना स्तर पर ही किए जाने की बात सामने आ रही है।



श्री मेढ स्वर्णकार समाज ने गणगौर महोत्सव मनाया



अग्रवाल समाज ने गणगौर महोत्सव मनाया

## बरवटपुरा में सूने घर में चोरी करने वाला शातिर चोर गिरफ्तार, माल बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

शहर के कैंट थाना क्षेत्र अंतर्गत बरवटपुरा में सूने घर में हुई चोरी का पुलिस ने सफलतापूर्वक खुलासा करते हुए एक शातिर आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से चोरी गए सोने-चांदी के जेवर भी बरामद किए हैं।पुलिस के अनुसार, फरियादी अजय पुत्र राजू अहिरवार निवासी बरवटपुरा ने 18 मार्च 2026 को कैंट थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उसने बताया कि 19 जनवरी 2026 की रात वह अपनी पत्नी का इलाज कराने के लिए घर पर ताला लगाकर गया था।



अस्पताल से लौटने पर घर का ताला टूटा मिला और अलमारी में रखे सोने-चांदी के जेवर व 10 हजार रुपये नकद गायब थे।मामले में अज्ञात आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू की। जांच के दौरान पुलिस ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले, तकनीकी साक्ष्यों का विश्लेषण किया और मुखबिर तंत्र की मदद ली। लगातार प्रयासों के बाद आरोपी की पहचान बंटी कुर्मी निवासी नई बस्ती कुशमौदा, थाना कैंट, गुना के रूप में हुई।पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को हिरासत में लिया। पूछताछ में उसने चोरी की वारदात कबूल कर ली। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने सोने का एक पेंडिल, चांदी की करधनी और एक चांदी का चूड़ा, कुल करीब 60 हजार रुपये मूल्य का माल बरामद किया।गिरफ्तार आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक अनूप कुमार भार्गव सहित पुलिस टीम के अन्य अधिकारियों और कर्मचारियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## फतेहगढ़ पुलिस की कार्रवाईः जुआ खेलते 5 आरोपी गिरफ्तार, 16,600 रुपए जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

जिले की फतेहगढ़ थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए जुए के फड़ पर दबिश देकर पांच जुआरियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मौके से 16,600 रुपये नगद और ताश की गड्डी भी जब्त की है।प्राप्त जानकारी के अनुसार, फतेहगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम भगवानपुरा के जंगल में कुछ लोग ताश के पत्तों पर हार-जीत के दांव लगाकर जुआ खेल रहे थे। इस संबंध में मुखबिर से सूचना मिलने पर पुलिस टीम ने तत्काल मौके पर पहुंचकर दबिश दी।पुलिस ने कार्रवाई के दौरान जुआ खेल रहे पांच आरोपियों को पकड़ लिया। पूछताछ में उन्होंने अपने नाम अलील पुत्र जलील खान, विमलेश पुत्र रामदयाल शर्मा, सुनील पुत्र रामचरण यादव, प्रकाश पुत्र राजकुमार कलावत और नीरज पुत्र छगनलाल अग्रवाल निवासी कस्बा फतेहगढ़, जिला गुना बताए।पुलिस ने मौके से कुल 16,600 रुपये नगद और ताश की गड्डी जब्त कर ली। सभी आरोपियों के खिलाफ फतेहगढ़ थाने में अपराध क्रमांक 51/26 के तहत धारा 13 जुआ एक्ट में प्रकरण दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई की गई है।इस कार्रवाई में थाना प्रभारी उपनिरीक्षक अभिषेक तिवारी सहित पुलिस टीम और सायबर सेल के कर्मचारियों की सराहनीय भूमिका रही।



## भूकंप पूर्व तैयारी व खोज-बचाव पर 5 दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

गुना। राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के दिशा-निर्देशों के तहत जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, होमगार्ड, नागरिक सुरक्षा एवं आपदा प्रबंधन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित पांच दिवसीय भूकंप पूर्व तैयारी एवं क्षमतावर्धन प्रशिक्षण कार्यक्रम सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। यह प्रशिक्षण 18 से 22 मार्च तक पीजी कॉलेज गुना एवं कलेक्ट्रेट के जनसुनवाई कक्ष में आयोजित किया गया। समापन अवसर पर कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल उपस्थित रहे।प्रशिक्षण में भूकंप आपदा जोखिम प्रबंधन के साथ-साथ ध्वस्त संरचनाओं में खोज एवं बचाव (सर्च एंड रेस्क्यू) की तकनीकों पर विशेष ध्यान दिया गया। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के प्रतिभागियों—शासकीय चिकित्सक एवं स्टाफ, अस्पताल प्रतिनिधि, ग्राम पंचायत सचिव, रोजगार सहायक, राष्ट्रीय सेवा योजना स्वयंसेवक, एनसीसी कैडेट्स, रेडक्रॉस, सिविल डिफेंस वॉलेंटियर्स, सेवानिवृत्त सैनिक, होमगार्ड एवं एसडीईआरएफ—ने सक्रिय सहभागिता की।प्रशिक्षण के दौरान प्लाटून कमांडर मनोज भदौरिया ने प्रतिभागियों को आपातकालीन स्थितियों में अपनाई जाने वाली तकनीकों की विस्तृत जानकारी दी। साथ ही सीपीआर जैसे जीवनरक्षक कौशल का भी प्रशिक्षण दिया गया।जिला सैनानी राजकुमार पथरोल ने आपदा प्रबंधन अधिनियम 2005 के प्रावधानों और आपदा के समय प्रशासनिक जिम्मेदारियों पर प्रकाश डाला।

वर्षा ऋतु में जलभराव की समस्या को देखते हुए गहरीकरण व अतिक्रमण हटाने के निर्देश

## सिंगवासा तालाब और गुनिया नदी का कलेक्टर ने निरीक्षण किया

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

जिले में जल संरक्षण को मजबूत बनाने और वर्षा ऋतु में जलभराव की समस्या के स्थायी समाधान के उद्देश्य से कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने सिंगवासा तालाब एवं गुनिया नदी का विस्तृत निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने तालाब के गहरीकरण और चौड़ीकरण पर विशेष जोर दिया। निरीक्षण की शुरुआत सिंगवासा स्थित स्मृति वन के गोकुल कुंड से हुई। यहां से कलेक्टर ने लगभग 5.2 किलोमीटर लंबे गुनिया नदी के प्रवाह मार्ग का पैदल भ्रमण कर नदी की स्थिति, अवरोधों और जल निकासी व्यवस्था का बारीकी से अवलोकन किया।निरीक्षण के दौरान एक प्रेरणादायक दृश्य भी सामने आया, जब कक्षा पांचवीं की एक बालिका पूरे मार्ग में टीम के साथ उत्साहपूर्वक शामिल रही और नदी की स्थिति को समझने का प्रयास करती नजर आई।कलेक्टर ने नदी किनारे स्थित कुओं और अन्य जल स्त्रोतों का भी निरीक्षण किया तथा स्थानीय नागरिकों से संवाद कर उनकी समस्याएं और सुझाव सुने।





तकनीकी दल से प्राप्त जानकारी के अनुसार जलकुंभी और अन्य अवांछित जलीय वनस्पतियों को हटाने के लिए विशेष रसायनों का उपयोग किया जाता है, जिसके लिए जरूरत पड़ने पर बाहरी एजेंसियों की सेवाएं ली जाती हैं।निरीक्षण के दौरान उन मकानों और भवनों का भी जायजा लिया गया, जो हाई फ्लड लेवल (HFL) क्षेत्र में स्थित हैं और भविष्य में जलभराव का कारण बन सकते हैं।कलेक्टर श्री कन्याल ने निर्देश दिए कि गुनिया नदी के प्राकृतिक प्रवाह में बाधा बनने वाले अतिक्रमणों को प्राथमिकता से हटाया जाए, ताकि वर्षा के दौरान जल निकासी सुचारू रूप से हो सके और बाढ़ या जलभराव जैसी स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटा जा सके। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को नदी की सफाई, जलकुंभी हटाने और अतिक्रमण निष्कासन के लिए समग्र कार्ययोजना बनाकर शीघ्र अमल में लाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अपर कलेक्टर अखिलेश जैन, एसडीएम शिवानी पांडे, संबंधित अधिकारी, जनप्रतिनिधि और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

## समाचार संक्षेप

### रैली व मानव श्रृंखला बनाकर दिया जल संरक्षित करने का संदेश



**राघोगढ़।** जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद की नवांकुर संस्था मंगल सेवा समिति द्वारा जिला समन्वयक मंजूषा सोलोमन के निर्देशन में एवं ब्लॉक समन्वयक लोकेंद्र सिंह की अध्यक्षता में जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत राघोगढ़ के वरवट पुरा मैं रैली निकालकर व मानव श्रृंखला बनाकर जल संरक्षित करने का संदेश दिया। इस अवसर पर ब्लॉक समन्वयक द्वारा जल गंगा संवर्धन अंतर्गत दीवार लेखन, कुआं, बावड़ी, नदी, तालाब एवं पुराने जल स्रोतों को संरक्षित एवं साफ सफाई करने की बात कही। इस अवसर पर संस्था के सचिव सुरेश केवट द्वारा उपस्थित समितियों सदस्यों एवं छात्र-छात्राओं को जल गंगा संवर्धन की की समस्त गतिविधियों के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए सहभागिता करने की बात कही है। इस अवसर पर परामर्शदाता महेश कुमार शर्मा, दीपक श्रीवास्तव किशोर कुमार नरवरिया, सीएमसीएलडीपी के छात्र छात्रा एवं समितियों के सदस्यगण उपस्थित रहे।

### राघौगढ़ प्रीमियर लीग (RPL) सीजन 2 में युवा खिलाड़ियों ने दिखाई दमखम



**राघौगढ़।** मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह के जन्मदिन के उपलक्ष्य में 28 फरवरी से चल रहे RPL सीजन 2 डे-नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ किया गया। यह टूर्नामेंट अब तक राघौगढ़ के आईटीआई मैदान में जारी है।पूर्व मंत्री और राघौगढ़ विधायक श्री जयवर्धन सिंह के मार्गदर्शन में आयोजित इस टूर्नामेंट में राघौगढ़ नगरपालिका की 24 वार्डों की टीमें हिस्सा ले रही हैं। हर दिन 4 मैच खेले जा रहे हैं, जिससे युवा खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिल रहा है। दर्शकों की भी भारी उपस्थिति इस टूर्नामेंट को उत्साहपूर्ण बना रही है।आज सुपर 16 में वार्ड 6, 10, 20, 21, 22, 23 के बीच मुकाबला हुआ, जिसमें वार्ड 20, वार्ड 10 और वार्ड 22 की टीमें विजेता रही। प्रत्येक मैच में मैन ऑफ द मैच, बेस्ट बॉलर और बेस्ट बल्लेबाज के पुरस्कार श्री जयवर्धन सिंह द्वारा प्रदान किए जा रहे हैं, जिससे खिलाड़ियों का उत्साह और बढ़ रहा है।इस टूर्नामेंट का उद्देश्य राघौगढ़ के युवाओं को खेल का मंच उपलब्ध कराना है ताकि वे अपनी प्रतिभा दिखाकर प्रदेश और देश के लिए खेल सकें और राघौगढ़ का नाम रोशन कर सकें। जेवी मित्र मंडल, स्थानीय जनप्रतिनिधि और नगर वासियों के सहयोग से यह टूर्नामेंट भव्य रूप ले रहा है।

# 5 जुआरी दबोचे, मौके से नगदी 16 हजार 600 रुपए नकदी व ताश की गड्डी जब्त

## फतेहगढ थाना पुलिस की जुए की सूचना पर त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना



गुना पुलिस अधीक्षक शअंकित सोनी के सशक्त एवं संवेदनशील नेतृत्व में गुना पुलिस द्वारा जिले में जुआ, सट्टा एवं अन्य अनैतिक गतिविधियों के विरूद्ध निरंतर प्रभावी एवं सख्त कार्यवाहियां की जा रहीं है।

इसी तारतम्य में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गुना मानसिंह ठाकुर के मार्गदर्शन एवं एसडीओपी गुना विवेक अष्ठाना के पर्यवेक्षण में फतेहगढ थाना पुलिस द्वारा थाना क्षेत्र के ग्राम भगवानपुरा के जंगल में जुए की सूचना पर त्वरित कार्यवाही करते हुए फड़ जमाकर जुआ खेल रहे 5 जुआरी दबोचे गये हैं। दिनांक 21 मार्च 2026 की दोपहर में फतेहगढ थाना क्षेत्र के ग्राम भगवानपुरा के जंगल में कुछ व्यक्तियों के द्वारा तास पत्तों से रूपयों की हारजीत के दाव लगाकर जुआ खेले जाने की मुखबिर सूचना पर फतेहगढ थाने से पुलिस की एक टीम जुआरियों पर कार्यवाही हेतु तत्काल ग्राम भगवानपुरा पहुंची और जहां मुखबिर की बताई जगह पर दविश देकर जुआ खेल रहे 05 जुआरियों को धर दबोच लिया गया। जिन्होंने पूछताछ पर अपने-अपने नाम 1-अलील पुत्र जलील खान उम्र 57 साल, 2-विमलेश पुत्र रामदयाल शर्मा उम्र 42 साल, 3-सुनील पुत्र रामचरण यादव उम्र 25 साल, 4-प्रकाश पुत्र राजकुमार कलावत उम्र 45 साल एवं 5-नीरज पुत्र छगन लाल अग्रवाल उम्र 40 साल निवासीगण कस्बा फतेहगढ, जिला गुना के होना बताये।

पुलिस द्वारा मौके से कुल 16,600/-रूपये नगदी सहित तास की एक गड्डी विधिवत जप्त कर जुआ खेलते पकड़े गये पांचों जुआरियों के विरूद्ध फतेहगढ थाने में अप.क्र. 51/26 धारा 13 जुआ एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर वैधानिक कार्यवाही की गई। जुए के विरूद्ध फतेहगढ थाना पुलिस की इस कार्यवाही में थाना प्रभारी उपनिरीक्षक अभिषेक तिवारी, सउनि दिलीप रघुवंशी, प्रधान आरक्षक हरिओम किरार, प्रधान आरक्षक प्रेम ग्वाल, आरक्षक हरिओम परमार, आरक्षक योगेश जाट, आरक्षक बृजेन्द्र कुशवाह, आरक्षक विवेक सिंह एवं सायबर सेल से आरक्षक कुलदीप यादव व आरक्षक भूपेन्द्र खटीक की सराहनीय भूमिका रही है।

## चेतना साहित्य व कला परिषद की कवि गोष्ठी संपन्न




हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

चेतना साहित्य एवं कला परिषद द्वारा नानाखेड़ी स्थित गौड़ बाबा मंदिर पर आयोजित कवि गोष्ठी का द्वितीय सत्र सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। वरिष्ठ कवि विष्णु साथी की अध्यक्षता में कार्यक्रम में रामवीर शर्मा मुख्य अतिथि और रामकुमार शर्मा विशेष अतिथि रहे, जबकि हरीश सोनी सारस्वत अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। कवियों का स्वागत मंदिर समिति द्वारा पुष्पहार पहनाकर किया गया। कार्यक्रम का संचालन परिषद के नवनिर्वाचित अध्यक्ष प्रेम सिंह प्रेम ने किया।कवि और गीतकारों ने विभिन्न विषयों पर अपने विचार प्रस्तुत किए। विष्णु साथीः भ्रष्टाचार और राष्ट्र पर चिंतन। हरीश सोनीः गीत और तुलसी-राम की कथाओं के माध्यम से संदेश।उमाशंकर भार्गवः गणगौर पूजा और धार्मिक भावनाओं पर प्रकाश।धर्मवीर सिंहः नदी और जीवनदायिनी का रूपक। रामवीर शर्माः नगर की सामाजिक और प्रशासनिक स्थिति।अमित कबीरः राधा-कृष्ण और यशोदा-बुद्ध संबंधों पर भाव। रामसिंह रघुवंशीः रामायण की चौपाईयों से शासन और सलाह पर विचार।रामलाल सहरियाः कवियों के अनुभव और उनकी रचनाओं का महत्व।कवि गोष्ठी में रामसिंह रघुवंशी, रामेश्वर शर्मा, रविन्द्र सिंह रघुवंशी, राधेश्याम शर्मा, सूर्यप्रकाश शर्मा, कालू कुशवाह, आदित्य भारद्वाज, कमलेश बैरागी सहित कई साहित्य प्रेमी उपस्थित रहे। अंत में रामवीर शर्मा ने गुना की बेटी, जो इंदौर में उपचाररत थी, के स्वास्थ्य में सुधार की जानकारी साझा की और सभी उपस्थित लोगों का धन्यवाद किया।

## गुना पुलिस की सख्त कार्रवाईः जानलेवा हमला करने वाले 2 आरोपी गिरफ्तार

**ग्राम सूतानदी में जमीनी विवाद को लेकर हुए जानलेवा हमले का मामला**



हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी के सशक्त एवं संवेदनशील नेतृत्व में गुना पुलिस ने ग्राम सूतानदी में जमीनी विवाद को लेकर हुए जानलेवा हमले के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा। 20 जनवरी 2026 को महेश मीना ने कुंभराज थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि आरोपी भगवान सिंह मीना, हुकुम सिंह मीना, विजय सिंह मीना और गिर्राज मीना ने उसे, उसके बड़े भाई और ताऊ को लाठी-फरसी से पीटा और जान से मारने की धमकी दी।अपराध क्रमांक 12/26 के तहत मामला दर्ज कर पुलिस ने तत्परता से जांच शुरू की। एसडीओपी श्री मनोज कुमार झा और थाना प्रभारी पंकज त्यागी के पर्यवेक्षण में मुखबिर तंत्र सुदृढ़ कर आरोपियों की तलाश की गई।19 मार्च 2026 को पुलिस ने भगवान सिंह (50) और हुकुम सिंह (40) को गिरफ्तार किया और न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया। अन्य दो फरार आरोपियों की तलाश जारी है।पुलिस अधीक्षक श्री अंकित सोनी ने इस कार्रवाई की सराहना करते हुए कहा कि जिले में अपराधियों पर लगातार सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

## सेवा भारती अन्नपूर्णा भोजनालय में रोगी परिजनों की भोजन व्यवस्था कर महेश रघुवंशी संगम ट्रेडर्स ने मनाया अपना जन्मदिवस



हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

सेवा भारती अन्नपूर्णा भोजनालय में श्री महेश रघुवंशी संगम ट्रेडर्स ने अपना जन्म दिन दूर दराज ग्रामीण क्षेत्रों से आए रोगी परिजनों व रोगी की भोजन व्यवस्था कर अपना जन्मदिन मनाया।इस अवसर पर सेवा भारती गुना के पूर्व अध्यक्ष डॉ रामवीर सिंह रघुवंशी, सचिव डॉ मनोज रघुवंशी, उपाध्यक्ष अखिलेश विजयवर्गीय, अन्नपूर्णा भोजनालय के अध्यक्ष काशीराम उरैया, सचिव सुनील पांडेय, भंवर लाल पंत, रामबाबू कश्यप, फणींद्र चक्रवर्ती नीनू अग्रवाल, पूर्णिमा अग्रवाल, नरेंद्र सेंगर, रोहित सुमन आदि उपस्थित रहे।भोजन वितरण से पहले डॉ आरबी शर्मा द्वारा महेश रघुवंशी संगम ट्रेडर्स की पूजा करवाई गई, सभी सेवा भारती परिवार के सदस्यों द्वारा महेश रघुवंशी का माल्यार्पण कर जन्मदिन की बधाई दी गई इसके बाद श्री रघुवंशी द्वारा रोगी परिजनों को भोजन वितरण किया गया।

### मक्सूदनगढ़ के पाचगुड़िया गांव में गेहूं की फसल में आग, एक बीघा फसल जलकर खाक

**गुना।** जिले के मक्सूदनगढ़ क्षेत्र के पाचगुड़िया गांव में अज्ञात कारणों के चलते खेत में खड़ी गेहूं की फसल में अचानक आग लग गई। आग इतनी तेज थी कि देखते ही देखते खेत में फैल गई और किसान खेमराज मीणा की करीब एक बीघा फसल जलकर राख हो गई। घटना की सूचना तत्काल मक्सूदनगढ़ नगर परिषद की दमकल टीम को दी गई। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। ग्रामीणों ने भी आग बुझाने में सहयोग किया।हालांकि, फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है। प्रशासन द्वारा मामले की जांच की जा रही है।



# समाजसेवी संस्था ने किया जागरूक पर्यावरण बचाने की दिलाई शपथ




हरिभूमि न्यूज ⏭ ईसागढ़

समाज सेवी संस्था अभ्युदय मानव सेवा समिति द्वारा पर्यावरण हितैषी कार्य का आरंभ करते हुए ईसागढ़ विकासखंड के ग्राम श्यामगढ़ में जाकर लोगों को पराली अथवा नरवाई न जलाने को लेकर ग्रामीणों को जागरूक किया गया। विदित रहे अशोक नगर कलेक्टर के द्वारा दिए गए आदेशानुसार नरवाई जलाने पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगाया गया है, और जिसमें दोषी पाए जाने वाले पर दंडात्मक कार्रवाई करने का आदेश दिया गया है।

इसी संबंध में अभ्युदय मानव सेवा समिति द्वारा उपस्थित ग्रामीणों को नरवाई जलाने से होने वाली वायु प्रदूषण, पशु चारे का अभाव, भूमि की उर्वरा शक्ति में कमी आना और नरवाई में फसल काटने के बाद भूमि को बेहतर करने हेतु प्रयोग किए जाने वाले हानिकारक उर्वरकों के प्रयोग से होने वाले जन एवं पशुओं पर पड़ने वाले विपरीत प्रभाव को न सिर्फ समझाया, बल्कि इससे फैलने वाली बीमारियों का लंबी अवधि तक शरीर में बने रहने पर होने वाले दुष्प्रभावों को भी समझाया गया। दूसरी ओर फसल कटाई उपरांत फसल के अपशिष्ट से पशुचारे का निर्माण तथा पर्यावरण को दूषित होने से रोकने और ग्रामीण क्षेत्र की हवा को शुद्ध रखने में मदद करने का आह्वान किया। जिसमें ग्रामीणों द्वारा नरवाई ना जलाने और पर्यावरण और ग्राम हितेषी निर्णय लेने का आश्वासन दिया गया। उक्त कार्यक्रम में समिति की तरफ से सदस्यों के रूप में अमित शर्मा, अमित गोस्वामी चंद्रपाल लोधी, अन्य उपस्थित रहे।

**मनाया जा रहा विरोध सप्ताह**

## किसान विरोधी नीतियों के खिलाफ गांव-गांव जागरूकता अभियान

**अशोकनगर।** ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन द्वारा 17 से 24 मार्च तक जिले में गांव-गांव पहुंचकर किसानों की समस्याओं को लेकर विरोध सप्ताह मनाया जा रहा है। इसी क्रम में ग्राम सिकंदरा, पलकटोरी और बेरखेड़ी में बैठकों और नुक्कड़ सभाओं का आयोजन कर किसानों को जागरूक किया गया। इन कार्यक्रमों में किसानों और खेत मजदूरों ने भाग लिया और सरकार की नीतियों के खिलाफ अपनी नाराजगी जताई।

संगठन के जिला सचिव कृष्णा बैरागी ने सभाओं को संबोधित करते हुए कहा कि मध्य प्रदेश सरकार द्वारा लाए जा रहे नए कृषि कानून किसानों के हित में नहीं हैं, बल्कि बड़े कॉर्पोरेट घरानों को फायदा पहुंचाने वाले हैं। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा प्रस्तावित बीज बिल-




2025 बेहद खतरनाक है, जिससे पहले ही 84 प्रतिशत बीज बाजार पर काबिज कुछ निजी कंपनियों का एकाधिकार और मजबूत हो जाएगा। इस कानून के लागू होने पर बीज से लेकर पूरी खेती व्यवस्था पर बड़ी कंपनियों का नियंत्रण स्थापित हो सकता है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि नवंबर 2024 में घोषित कृषि मार्केटिंग की राष्ट्रीय नीति को व्यापक विरोध के बावजूद अब तक वापस नहीं लिया गया है। यदि इसे लागू किया गया तो यह पहले के तीन कृषि कानूनों से भी ज्यादा नुकसानदायक साबित हो सकती है।

# कदवाया की ऐतिहासिक धरोहरों से प्रभावित हुए कलेक्टर साकेत मालवीय

## पर्यटन विकास के दिए संकेत

**अशोकनगर।** जिले के कलेक्टर साकेत मालवीय आज कदवाया पहुंचे, जहां उन्होंने नवरात्रि के अवसर पर आयोजित मेले का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मां बीजासन धाम मंदिर में परिवार सहित दर्शन कर पूजा-अर्चना की तथा मेले की व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए आवश्यक निर्देश दिए।

दौरे के दौरान कलेक्टर ने कदवाया की समृद्ध पुरातात्विक धरोहरों का भी अवलोकन किया। उन्होंने यहां स्थित प्राचीन शैव मठ एवं मुरायता मंदिरों में जा कर दर्शन किए। 9वीं से 12वीं शताब्दी के लगभग 15 प्राचीन मंदिरों की जानकारी मिलने पर वे आश्चर्यचकित रह गए और इन धरोहरों को राष्ट्रीय पटल पर लाने की आवश्यकता जताई। कलेक्टर साकेत मालवीय ने कदवाया के पुराविद एवं



शिक्षक हेमंत दुबे से मठ एवं मंदिरों के इतिहास पर विस्तार से चर्चा की तथा इन धरोहरों के ऐतिहासिक महत्व को गहराई से समझा। इतिहास की जानकारी प्राप्त करने के बाद कलेक्टर ने इन स्थलों के संरक्षण एवं पर्यटन विकास के लिए पर्यटन संवर्धन समिति के माध्यम से प्रयास करने की बात कही। उन्होंने संकेत दिए कि कदवाया की ऐतिहासिक धरोहरों को पहचान दिलाने के लिए ठोस कदम उठाए जाएंगे। दौरे के दौरान नायब तहसीलदार ऋतु परमार, कदवाया थाना प्रभारी मनीष सिंह जादौन, सीसीबी बैंक गुना के पूर्व चेयरमैन महेन्द्र शर्मा, कदवाया सरपंच कुंवरजू उपसरपंच अशोक शर्मा सचिव मेहरबान लोधी एवं सहायक सचिव सतीश साहू एवं अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## ट्रेन से यात्रा करते समय यात्री का और स्टेशन पर सो रहे युवक का मोबाइल चोर

**अशोकनगर।** चोरों का ध्यान अब सामान की तरफ कम मोबाइल फोन की ओर अधिक है। जब भी चोरों को मौका मिलता है वह मोबाइल पर हाथ साफ कर देते हैं। ऐसी ही मोबाइल चोरी की दो घटनाएं जीआरपी थाना अशोकनगर में दर्ज हुई हैं। जीआरपी के थाना प्रभारी लखन रघुवंशी ने बताया कि पहली घटना उस समय हुई जब भोपाल- जोधपुर ट्रेन से गुना निवासी मनोहर राठौर स्लीपर कोच में यात्रा कर भोपाल से गुना आ रहे थे, तभी पिपरई और मुंगावली के बीच कोई अज्ञात चोर उनका मोबाइल चोरी कर ले गया। जैसे ही उन्होंने देखा तो उनका सामान सुरक्षित था लेकिन मोबाइल गायब हो गया था, अशोकनगर स्टेशन पर उन्होंने मोबाइल चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। दूसरी मोबाइल चोरी की बारदात अशोकनगर स्टेशन की बैंच पर सो रहे तिलक सिंह अहिरवार के साथ हुई। वह रात को स्टेशन पर ही सो गए थे और सुबह जब उठकर देखा तो उनका मोबाइल गायब था, जिसके बाद उन्होंने जीआरपी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

### जीआरपी अशोकनगर थाने में स्टाफ की कमी आई

जीआरपी थाना अशोकनगर में इन दिनों स्टाफ की कमी बनी हई है, जो स्टाफ स्थानांतरित होकर चला गया उसके स्थान पर कोई नया स्टाफ नहीं आया है, इसी प्रकार जो स्टाफकर्मी सेवा निवृत्त हो रहे हैं उनके स्थान पर भी किसी की नियुक्ति नहीं हुई है जिसके कारण थाने में बल की कमी पैदा हो गई है। पहले स्टाफ यात्री ट्रेनों में चलता था लेकिन अब स्टाफ कम होने से यहां से निकलने वाली ट्रेनों में रात्रि की अवधि में स्टाफ नहीं रह पा रहा है।

# स्वर्गीय पूर्व विधायक राव राजकुमार यादव के निधन पर श्रंद्धाजलि सभा का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

श्रीकृष्ण संस्थान अशोकनगर में आज स्वर्गीय राव राजकुमार सिंह यादव, पूर्व विधायक चंदेरी की श्रद्धांजलि सभा का आयोजन अत्यंत भावुक वातावरण में किया गया। बड़ी संख्या में जिले भर से आए समाज बंधुओं, जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिकों ने एकत्रित होकर स्वर्गीय राव साहब को श्रद्धा सुमन अर्पित किए और उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व को याद किया। सभा के दौरान उपस्थित लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने स्वर्गीय राव राजकुमार सिंह यादव के सामाजिक, राजनीतिक एवं जनसेवा के कार्यों को स्मरण करते हुए उन्हें जननायक बताया। उन्होंने कहा कि राव साहब ने हमेशा समाज के हित में कार्य किया और अपने क्षेत्र के विकास के लिए निरंतर प्रयासरत रहे। उनके निधन से समाज एवं क्षेत्र को अपूरणीय क्षति हुई है। इसी अवसर पर एक महत्वपूर्ण निर्णय भी लिया गया। जिले के ऐतिहासिक युगल सरकार मंदिर (श्रीकृष्ण संस्थान अशोकनगर) के अध्यक्ष पद के लिए सर्वसम्मति से राव रंजीत सिंह यादव, महुअन का नाम प्रस्तावित किया गया। यह प्रस्ताव प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव राव यादवेंद्र सिंह यादव द्वारा रखा गया, जिसका समर्थन पूर्व मंत्री एवं विधायक राव बृजेंद्र सिंह यादव ने किया। उपस्थित सभी समाज बंधुओं ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ इस प्रस्ताव का समर्थन करते हुए सर्वसम्मति से उन्हें अध्यक्ष पद के लिए स्वीकार किया।



### झिरिया सरकार पर बहेगी श्रीमद् भागवत कथा रस धारा

**नईसराय।** आस्था का केंद्र झिरिया सरकार हनुमान मंदिर पुराना पचबावड़ी रोड नईसराय पर हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में 26 मार्च से संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। इस भागवत कथा की कलश यात्रा 25 मार्च को सुबह 8:00 बजे से हाट बाजार नईसराय के पास स्थित अस्तल दरवार से निकलेगी जो नईसराय के मुख्य मार्गो से होते हुए झिरिया सरकार दरवार पहुंचेगी। संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का समय दोपहर के 2:00 से हरि इच्छा तक रखा गया है तथा 2 अप्रैल को प्रसादी वितरण ओर भंडारे के साथ समापन किया जाएगा वैसे भी प्रशिद्ध झिरिया धाम पर बड़े-बड़े आयोजन हर वर्ष होते रहते हैं इस बार भी श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन रखा गया है। श्रीमद् भागवत कथा वृंदावन निवासी मनोज शास्त्री के मुखारविंद से सुनाई जाएगी।

## राजपुर में नया सामुदायिक स्वास्थ्य भवन बना, उद्घाटन हुआ

### लेकिन आज तक शुरू नहीं हुआ




**राजपुर।** मरीजों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करने के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा यहां एक नए अस्पताल भवन का निर्माण किया गया है। पिछले दिनों मुख्यमंत्री जब करीला धाम पर आए थे तब उनके द्वारा करीला धाम से ही इस अस्पताल भवन का लोकार्पण किया गया था, लेकिन अभी तक अस्पताल पुराने भवन में ही चल रहा है। इसे नए भवन में लगाए जाने की मांग की गई है।

पुरानी विल्डिंग में सुविधा साधन भी नहीं है। अभी ख़ून की जांच कर शाढौरा भेजना पड़ता है दो दिन में रिपोर्ट आती है इस तरह मरीजों का समय पर इलाज भी संभव नहीं होता है राजपुर के आसपास चालीस गांव आते हैं। 15 पंचायत लगती हैं वही अशोकनगर जिले के अलावा गुना ज़िले के भी गांव लगें हुये हैं। वही विदिशा ज़िले की सीमा के गांववासी भी आते जातें रहते हैं। 9किलो मीटर की दूरी के अन्तर से यहा तीन जिलों का संगम भी कह सकतें हैं। राजपुर कों सभी गांव के लोगों कों ईलाज के लिए निजी चिकित्सालय पर निर्भर रहना पड़ता हैं। क्योंकि सरकारी चिकित्सालय में स्टांप की कमी जांच आदि नहीं होती है इसलिए सभी सुविधाएं नवीन बिल्डिंग में कराये जानें की मांग की गई है। जब उद्घाटन हों ही गया है तों अति आवश्यक है कि इसको जल्दी से जल्दी इसमें स्टांप एवं सभी सुविधाएं उपलब्ध हों सकें ताकि ग्रामीणों को सुविधाओं का लाभ मिल सके।

## खबर संक्षेप

### मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर**। जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कईं मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत पठार मोहल्ला निवासी अभिषेक साहू ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी रवि कुशवाह ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के चन्देरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत कुंवरपुर निवासी घनश्याम लोधी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी जगदीश, जयपाल, भूरा, अभय लोधी ने उसके खेत पर जबरदस्ती कब्जा कर उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के ईसागढ थाना क्षेत्र के अंतर्गत ईसागढ खिन्नी मोहल्ला निवासी नीरज कुशवाह ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी आकाश आदित्य, प्रीतम और बाबू केवट ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

### पंखे से महिला ने रस्सी का फंदा बनाकर की खुदकुशी

**अशोकनगर**। जिले के शाढ़ौरा थाने के अंतर्गत ग्राम खैजरी खरगो निवासी बबली बाई पत्नि महेन्द्र सिंह रघुवंशी उम्र 48 साल ने अपने ही घर के कमरे में छत पर लगे पंखे के लोहे के कुन्दे पर कपड़े की रस्सी से फांसी का फंदा बनाकर खुदकुशी कर ली। पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है मामले की जांच की जा रही है।

### अवैध शराब के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर**। जिले में अवैध शराब के कईं मामले दर्ज किए गए हैं, जिले के कदवाया थाने के अंतर्गत पुलिस ने ग्राम सकर्रा निवासी कैलाश राय के पास से 5 लीटर हाथभटटी की कच्ची शराब बरामद की है। नईसरायं पुलिस ने ग्राम ऊमरी निवासी हरिओम शिकारी के पास से 4 लीटर हाथभटटी की कच्ची शराब बरामद की है। जिले के कचनार थाने के अंतर्गत पुलिस ने महु आलमपुर निवासी राजकुमार कुशवाह के पास से 5 लीटर हाथभटटी की कच्ची शराब बरामद की है।

### मेमू ट्रेन समर स्पेशल के रूप में चलाने की तैयारी

**अशोकनगर**। ग्वालियर से गुना जिले के रूठियाई स्टेशन तक शिवपुरी गुना के रास्ते एक नई समर स्पेशल ट्रेन ग्वालियर रूठियाई मेमू ट्रेन के रूप में चलाए जाने की तैयारी पूरी हो गई है। यह ट्रेन 30 जून तक चलाई जाएगी यह प्रत्येक रविवार और वुधवार को चलेगी, रेलवे ने रैक उपलब्ध करा दिया है लेकिन पिट लाईन में जगह की कमी बनी हुई है।

### रामनवमी महोत्सव को लेकर बैठक आयोजित की गई



**अशोकनगर**। 27 मार्च को रामनवमी का पर्व को महोत्सव के रूप में मनाए जाने के लिए हनुमान मंदिर प्रबंधक ट्रस्ट द्वारा मंदिर परिसर में एक समाज सेवीयों की बैठक आयोजित की गई। बैठक की जानकारी देते हुए ट्रस्ट के सचिव जगतनारायण राजौरिया ने बताया कि रामनवमी पर भगवान की विशाल रथ यात्रा सराफा बाजार हनुमान मंदिर से निकाली जाएगी जो सुभाषगंज स्टेशन रोड, गांधी पार्क, विदिशा रोड, पुराना बाजार, इन्द्रा पार्क आदि मार्गों से होकर निकलेगी। इस रथ यात्रा आयोजन को भव्य बनाने के लिए हनुमान मंदिर प्रबंधन ट्रस्ट द्वारा विभिन्न समाज के समाज सेवी व अध्यक्षों की बैठक आयोजित की गई, जिसमें महेन्द्र भारद्वाज, दीपक मिश्रा, विनोद सोनी, रामकुमार रघुवंशी, उपेन्द्र पाराशर, राकेश नामदेव, रघुवीर नामदेव, हरिओम शर्मा, राजकुमार नगेश्री, रामकुमार चैधरी, दिनेश जैन, संजीव यादव व ट्रस्ट के सदस्य गण उपस्थित रहे। सभी ने अपने अपने सुझाव रखे व श्रीराम जन्मोत्सव एवं श्रीराम रथ यात्रा को भव्य बनाने के लिए अपना योगदान दिए जाने की बात कही।

---

### लगातार फसल की आवक बढ़ने से मंडी की आय में हुई वृद्धि

# अशोकनगर मंडी में फरवरी माह तक गत वर्ष से 17.96 प्रतिशत वृद्धि

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



कृषि उपज मण्डी अशोकनगर में लगातार फसल की आवक पिछले वर्षों की तुलना में बढ़ती जा रही है। आवक बढ़ने के साथ आय में भी वृद्धि हो रही है, अशोकनगर मण्डी अपनी आय और आवक के कारण मध्यप्रदेश की सुपर ए मंडीयों में गिनी जाती है। हालांकि वर्तमान वित्तीय वर्ष समाप्त होने में अभी कुछ दिन शेष हैं। मण्डी मे आवक और आय बढ़ने का श्रेय भी मण्डी के अधिकारियों को जाता है, जब आवक बढ़ेगी तभी आय बढ़ेगी।

कृषि उपज मंडी के सचिव भागीरथ अरिहवार ने बताया कि वर्ष 2025-26 में फरवरी माह तक 5 लाख 67 हजार 314.9 मेट्रिक टन की आवक हुई है। वर्ष 2024-25 में फरवरी माह तक कुल आवक 48 लाख 6 हजार 686.3 मेट्रिक टन माल की आवक हुई थी। गत वर्ष की तुलना में फरवरी माह तक 17.96 प्रतिशत अधिक वृद्धि हो चुकी है, अभी फरवरी माह के आंकडे आना शेष हैं, इन आंकड़ों के बाद मण्डी की आवक के आंकड़े स्पष्ट हो सकेगें। माना जा रहा है कि यह आंकड़े अब तक के मण्डी के इतिहास में आवक की दृष्टि से सर्वाधिक आंकडे होगें। यदि सरकारी केन्द्रों पर माल की खरीदी न हो और वही माल मण्डी में बिकने के लिए आए तो मण्डी की आवक का आंकड़ा और भी कईं गुना हो सकता है।




### अशोकनगर मण्डी में 2024-25 की तुलना में 2025-26 में आय के अधिक आंकडें आए

मण्डी में आय की बात करें तो मण्डी की आय भी लगातार बढ़ रही है, भले ही शासन ने मण्डी टेक्स में कमी कर दी है उसके बाबूजद भी मण्डी की आय कम होने की जगह बढ़ रही है। क्योंकि मण्डी में आने वाले किसान अपने माल को लाने और बेचने की प्रक्रिया से संतुष्ट होते हैं। जिसका असर सीधा मण्डी की आवक और आय पर पड़ता है, अगर आय के आंकड़ों पर नजर डालें तो वर्ष 2025-26 फरवरी माह तक 16 करोड़ 81 लाख 83 हजार 913 रूपए की आय हो चुकी है जो 2024-25 की तुलना में 3.26 प्रतिशत अधिक है। वर्ष 2024-25 में फरवरी माह तक मण्डी को 16 करोड़ 28 लाख 69 हजार 705 रूपए की आय हुई थी। गतवर्ष की तुलना में इस वर्ष फरवरी माह तक 53 लाख 14 हजार 208 रूपए की आए हो चुकी है। अभी मार्च का महीना व्यतीत होने में समय है, 31 मार्च तक आंकडे आने के बाद तय होगा कि अशोकनगर मण्डी को 2025-26 में गत वर्ष से कितनी अधिक आय हुई।

### बड़ी फसलों में गेहूं और मक्का की अधिक आवक हुई

अशोकनगर मण्डी की बड़ी फसलों में गेहूं,चना, मक्का, मसूर, सरसों, सोयाबीन, धान, धनिया, तिवडा जैसी फसले हैं। गेहूं की आवक फरवरी 2026 तक 2 लाख 34 हजार 331 मेट्रिक टन हो चुकी है। चना की आवक 23 हजार 448.89 मेट्रिक टन फरवरी तक हुई है। तिवडा की आवक 5294 मेट्रिक टन हुई है धनिया की आवक 9948 मेट्रिक टन हुई है, धान की आवक 63765 मेट्रिक टन रही है। मक्का की आवक 1 लाख 47 हजार 815 मेट्रिक टन अब तक हुई है। मसूर की आवक 4696 मेट्रिक टन हुई है, सरसों की आवक 17076 मेट्रिक टन रही है, सोयाबीन की आवक 53217 मेट्रिक टन रही है। इस तरह मण्डी में सबसे बड़ी फसलों में गेहूं के बाद मक्का है। वर्ष 2025-26 में फरवरी माह तक 5 लाख 67 हजार 31 मेट्रिक टन माल की आवक हो चुकी है,जबकि गत वर्ष 2024-25 में कुल आवक 4 लाख 80 हजार 668 मेट्रिक टन हुई थी, 2024-25 में आवक भी कम हुई थी और आय भी कम हुई है। दोनों बड़ी फसलों में गेहूं और मक्का दोनों की आवक गतवर्ष कम हुई थी जिसका असर कुल आवक पर पड़ा है।

#### हो रही है आवक

अशोकनगर गल्ला मण्डी में आवक और आय लगातार बढ़ रही है, मण्डी की आवक का असर आय पर पड़ता है, मण्डी के पूरे प्रयास होते हैं कि किसी भी तरह से मण्डी की आय प्रभावित न हो और शासन को अच्छी आय हो सके, इस पर मण्डी प्रशासन द्धारा पूरी तरह ध्यान दिया जाता है। किसान से लेकर व्यापारी और मण्डी में काम करने वाला अमला लगातार एक दूसरे का सहयोग कर इस मण्डी को और ऊंचाइयों पर ले जाने का प्रयास करने में लगे हैं।

**भागीरथ अहिरवार** मण्डी सचिव, कृषि उपज मण्डी अशोकनगर।

---

### आज आएंगे एमपीसीए चेयरमैन सिंधिया

# अशोकनगर में एमपीटीसीएल सीजन-2 का भव्य आगाज



**अशोकनगर**। शहर के खेल प्रेमियों के लिए आज का दिन बेहद खास होने जा रहा है। संजय स्टेडियम में ग्रामीण खेल प्रचार एवं शिक्षा समिति द्वारा स्वर्गीय माधवराव सिंधिया की स्मृति में आयोजित एमपीटीसीएल सीजन-2 के भव्य आयोजन में आज मुख्य अतिथि के रूप में महानार्यमान सिंधिया, चेयरमैन मध्यप्रदेश क्रिकेट एशोसिएशन शामिल होंगे।

चेयरमैन बनने के बाद यह उनका अशोकनगर का पहला दौरा है, जिसे लेकर शहर में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। आयोजन समिति द्वारा उनके स्वागत के लिए भव्य तैयारियां की गई हैं। रात 9 बजे संजय स्टेडियम में शानदार लाइट शो और भव्य आतिशबाजी के साथ उनका जोरदार स्वागत किया जाएगा, जिससे पूरा शहर रोशनी से जगमगा उठेगा। यह आयोजन सिर्फ एक क्रिकेट टूर्नामेंट नहीं, बल्कि जिले के खेल इतिहास का एक यादगार अध्याय बनने जा रहा है। पहली बार अशोकनगर में इस स्तर की टेनिस क्रिकेट लीग आयोजित की जा रही है, जिसका सीधा प्रसारण यूट्यूब पर किया जा रहा है। डे-नाइट फॉर्मेट में खेले जा रहे इस टूर्नामेंट को इंटरनेशनल क्रिकेट की तर्ज पर प्रस्तुत किया जा रहा है, जिससे खिलाड़ियों के साथ-साथ दर्शकों को भी एक अलग अनुभव मिल रहा है। आयोजकों का मानना है कि इस तरह के आयोजन से जिले में खेल प्रतिभाओं को एक नया मंच मिलेगा और युवा खिलाड़ियों को आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलेगी।

### महाआर्यमन सिंधिया का नगर आगमन

**अशोकनगर**। मध्यप्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के सुपुत्र महाआर्यमन सिंधिया के नगर आगमन पर जोरदार स्वागत होगा। उक्त आशय की जानकारी देते हुए भाजपा जिला मीडिया प्रभारी डॉक्टर हरवीर सिंह रघुवंशी ने बताया कि एमपीसीए अध्यक्ष 23 मार्च को मुंगावली में आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ करने जाएंगे। इस दौरान वह अशोकनगर होकर निकलेंगे जहां उनके आगमन एवं प्रस्थान पर भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा जगह-जगह जोरदार स्वागत किया जाएगा। शनिवार को स्थानीय सिंधिया जनसंपर्क कार्यालय में पूर्व विधायक जजपाल सिंह की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें महाआर्यमन सिंधिया के आगामी प्रवास कार्यक्रम के दौरान भव्य स्वागत की रूपरेखा तैयार की गई। बैठक में भारतीय जनता पार्टी के ज्येष्ठ श्रेष्ठ एवं युवा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

---

# सूखी जमीन पर 'लाल सोने' की बहार किसान ने उगाई अमेरिकन केसर

### 60 से 90 हजार रुपए प्रति क्विंटल तक मिल रहे भाव

**बदली खेती की तस्वीर**





**अशोकनगर**। जिले के पिपरई क्षेत्र में एक किसान ने अपनी सोच, मेहनत और तकनीकी समझ के दम पर खेती की पारंपरिक धारणाओं को बदलकर रख दिया है। जहां कभी सूखी और कम उपजाऊ मानी जाने वाली जमीन पर सामान्य फसलें भी मुश्किल से होती थीं, वहीं अब उसी जमीन पर 'लाल सोना' कहे जाने वाली केसर की खेती लहलहा रही है।

किसान चैधरी यासिर अहमद ने अमेरिकन केसर की खेती कर न केवल अपनी आय बढ़ाने का रास्ता तैयार किया है, बल्कि जिले के किसानों के सामने एक नया और लाभकारी विकल्प भी प्रस्तुत किया है। दरअसल, बदलते समय के साथ खेती में भी बदलाव आ रहा है और किसान अब पारंपरिक फसलों के बजाय ऐसी फसलों की ओर बढ़ रहे हैं, जिनमें कम लागत में अधिक मुनाफा हो सके। इसी सोच के तहत चैधरी यासिर अहमद ने अमेरिकन केसर की खेती का प्रयोग शुरू किया। शुरुआत में इस फसल को लेकर कई तरह की आशंकाएं थीं, क्योंकि केसर को आमतौर पर ठंडे और पहाड़ी इलाकों की फसल माना जाता है। लेकिन उन्होंने जोखिम उठाते हुए आधुनिक तकनीकों और वैज्ञानिक पद्धतियों का सहारा लिया और अपने खेत में इस फसल को सफलतापूर्वक तैयार कर दिखाया।

पिपरई जैसे क्षेत्र में, जहां ठंड अपेक्षाकृत कम होती है और जल संसाधन भी सीमित हैं, वहां अमेरिकन केसर की खेती करना किसी चुनौती से कम नहीं था। इसके बावजूद किसान ने न केवल इस चुनौती को स्वीकार किया, बल्कि उसे सफलता में भी बदल दिया। उनका कहना है कि शुरुआत में उन्हें भी इस बात का संदेह था कि फसल सफल होगी या नहीं, लेकिन निरंतर देखभाल, उचित सिंचाई प्रबंधन और समय-समय पर तकनीकी मार्गदर्शन के चलते अब फसल अच्छी स्थिति में है और उत्पादन को लेकर उम्मीदें भी बेहतर हैं।केसर की खेती का सबसे बड़ा आकर्षण इसकी बाजार में मिलने वाली ऊंची कीमत है। नीमच मंडी में अमेरिकन केसर के भाव गुणवत्ता के आधार पर करीब 60 हजार से 90 हजार रुपए प्रति क्विंटल तक पहुंच रहे हैं। ऐसे में यह फसल किसानों के लिए बेहद लाभकारी साबित हो रही है और कम उत्पादन में भी अच्छी आमदनी का जरिया बन रही है। केसर की फसल लगभग चार महीने में फूल देने लगती है और पांच महीने में पूरी तरह तैयार हो जाती है। एक बीघा में 6 से 7 किलो तक अमेरिकन केसर हो सकती है कम जमीन में भी अच्छा उत्पादन संभव है, जिससे छोटे और सीमांत किसानों के लिए भी यह एक बेहतर विकल्प बनकर उभर रही है। कम पानी और सीमित संसाधनों में अधिक मुनाफा देने की क्षमता के कारण अब यह खेती तेजी से चर्चा में आ रही है।

### सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के निराकरण में अशोकनगर प्रथम

**अशोकनगर**। पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा द्वारा जिले के समस्त राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया है कि सीएम हेल्पलाइन के माध्यम से प्राप्त शिकायतों का संतुष्टिपूर्वक, समयबद्ध एवं समुचित निराकरण सुनिश्चित किया जाए, जिससे शिकायतकर्ता को त्वरित एवं प्रभावी न्याय मिल सके। उक्त निर्देशों के पालन में पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गजेन्द्र सिंह कंवर, एसडीओपी अशोकनगर विवेक शर्मा, एसडीओपी मुंगावली सनम बी खान एवं एसडीओपी चंदेरी महेश शर्मा के मार्गदर्शन में जिला पुलिस के समस्त थाना प्रभारियों द्वारा शिकायतकर्ताओं की प्राथमिकता से सुनवाई की गई। प्रत्येक शिकायत का गंभीरतापूर्वक परीक्षण कर त्वरित कार्यवाही करते हुए उनका संतोषजनक निराकरण किया गया। इस सतत एवं प्रभावी प्रयास का परिणाम यह रहा कि माह फरवरी 2026 की सीएम हेल्पलाइन ग्रेडिंग में जिला अशोकनगर ने 99.36 प्रतिशत स्कोर प्राप्त करते हुए पूरे प्रदेश में प्रथम स्थान हासिल किया है, जो जिला पुलिस की कार्यकुशलता, जवाबदेही एवं जनसेवा के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

# जागेश्वरी देवी के नाम से आयोजित होने वाले मेले में गणगौर मेला भी शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर





ऐतिहासिक नगरी चंदेरी में माता जागेश्वरी देवी के नाम से आयोजित होने वाला प्रसिद्ध गणगौर मेला चैत्र नवरात्रि के दौरान धूमधाम से शुरू हो गया है। यह मेला चंदेरी क्षेत्र के लोगों के लिए धार्मिक,सांस्कृतिक और मनोरंजन का प्रमुख केंद्र है,जहां दूर-दूर से श्रद्धालु पहुंचते हैं। इस वर्ष 81वां गणगौर महोत्सव 21 मार्च से शुरू होकर 5 अप्रैल तक चलेगा।

मेले के दूसरे दिवस पर रविवार को गणगौर गौरी शंकर की शोभायात्रा निकाली गई। यात्रा देर शाम लगभग 7 बजे मेला ग्राउंड प्रांगण पहुंची, जहां पहुंचे हजारों श्रद्धालुओं ने गणगौर माता के दर्शन किए और आशीर्वाद लिया। यात्रा के साथ शिवपुरी से आई नृत्यांगनाओं ने देर रात तक आकर्षक नृत्य प्रस्तुत किए, जिससे माहौल उत्साहपूर्ण रहा। दूसरे दिन मेला में अच्छी खासी भीड़ देखने को मिली। इस बार नगर पालिका ने मेले की ठेकेदारी टेंडर के माध्यम से दी है। ताकि व्यवस्था बेहतर हो और मेला अधिक आकर्षक बने। मुख्य नगर पालिका अधिकारी प्रदीप शर्मा ने इस कदम से मेले के भाव और आकर्षण को बनाए रखने का प्रयास किया है। मेले में 5 अप्रैल तक लगातार राई लोकगीत, बुंदेली हास्य, कवि सम्मेलन और अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। तो वही कल देर शाम रविवार को बलिराम उर्फ पप्पू राई लोकगीत काका लोगों को मनमोहित किया। वही इस मेले में 23 तारीख को जय माँ एम्यूजमेंट ग्वालियर, हरभजन पाल 24 को जित्तू खरे बादल छतरपुर, 25 को राजपाल यादव 26 को रामराजा यादव 27 तेजपाल राजपूत 28 जयसिंह राजा परमार 29 भजन गायिका सुरभि गुप्ता 30 रामकुमार प्रजापति 31 कल्याण रैकवार कल्ला भैया तो वही 1/4/26 केदार सिंह लोधी, 2 बुंदेली कलाकार कविता शर्मा, 3 राव सिंह पाल 4 दुर्गेश कटारे 5 शिवराज सिंह नरवरिया जैसे प्रसिद्ध कलाकार अपनी प्रस्तुतियां देंगे। जो मेले की शोभा बढ़ाएंगे। गणगौर मेला शिव-पार्वती की पूजा और लोक परंपराओं का अनुपम संगम है, जहां भक्त माता जागेश्वरी देवी के दर्शन कर मनोकामनाएं मांगते हैं। मेले में सजावट, झूलों, दुकानों और सांस्कृतिक कार्यक्रमों से पूरा मेला ग्राउंड रंग-बिरंगा हो उठता है।

---

### यात्री हो रहे हैं परेशान, अशोकनगर स्टेशन भारत सरकार की अमृत-2 योजना में चुना गया

# डीआरएम से शिकायत के बाद भी स्टेशन पर मौलिक सुविधाओं की कमी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर










पश्चिम मध्य रेलवे के अशोकनगर स्टेशन पर यात्रियों को मौलिक सुविधाओं की कमी का सामना करना पड़ रहा है, इन सुविधाओं की कमी को लेकर पिछले दिनों समाज सेवियों ने अशोकनगर आए डीआरएम पंकज त्यागी को भी इस आशय की शिकायत की थी, लेकिन भोपाल मुख्यालय से इन शिकायतों के निराकरण की दिशा में कोई प्रयास नहीं किए गए।

जिसके कारण यात्रियों को सुविधाओं की कमी के अभाव में समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। अशोकनगर एक तो जिला मुख्यालय का स्टेशन है दूसरा यह शहर महाजनों की श्रेणी में आता है इस कारण व्यापारिक दृष्टि से भी इस स्टेशन का व्यापक महत्व है। इसके अलावा अशोकनगर स्टेशन के समीप श्री आनंदपुर, थुवोनजी, करीला धाम, कदवाया, चंदेरी, जैसे धार्मिक और पर्यटक स्थल होने के कारण यहां यात्रियों का आवागमन पूरे वर्ष भर बना रहता है। इसके अलावा अशोकनगर का यह स्टेशन शहर के बिल्कुल मध्य में है, आधा शहर रेल पटरियों के इस पार और आधा शहर उस पार है। इस कारण रेल यात्रियों के अलावा आम नागरिको का भी आवागमन इस पार से उस पार स्टेशन से ही होता रहता है। उन्हे भी स्टेशन की सुविधाओं की जरूरत रहती है चाहे ट्रेन का समय हो या न हो इसके अलावा अशोकनगर का स्टेशन यहां के नागरिको के लिए मुम्बई की चैपाटी से कम नही हैं क्योंकि शहर भर के लोग दिन और शाम को इसी स्टेशन पर घूमने के लिए आते हैं। इस कारण इस स्टेशन पर सुविधाएं 24 घण्टे रहना अत्यंत आवश्यक है।

अशोकनगर स्टेशन पर वर्तमान में जिन सुविधाओं की कमी है उनमे सुलभ सुविधाओं का सबसे बड़ा अभाव है, दोनों प्लेट फार्मो पर किसी तरह का सुलभ कॉम्पलेक्स नहीं है, स्टेशन परिसर में जरूर कहने के लिए एक सुलभ कॉम्पलेक्स है लेकिन वह किसी काम का नहीं है बाहर जितने भी दुकानदार हैं वह सुलभ सुविधाओं के लिए स्टेशन परिसर में आते हैं जिसके कारण अशोकनगर स्टेशन के मुख्य द्वार में प्रवेश करते ही दुर्गंध आने लगती है। यहां आने वाली महिलाएं बहुत परेशान हैं, शहर से लेकर गांव तक की महिलाओं के लिए बेहतर सुलभ सुविधाएं नहीं हैं जबकि इनका प्राथमिकता से इंतजाम किया जाना चाहिए। यहां आने वाले यात्री पूरे परिसर में किसी भी स्थान पर खडे.होकर सुलभ सुविधा करते हुए देखे जा सकते हैं। यहां पानी के लिए जो बूथ बने हैं उनकी आड़ में लोग सुलभ सुविधा का कार्य कर रहे हैं। अधिकांश बूथ बंद पड़े हैं कईं बूथों में तो पानी निकासी के ठीक प्रबंध नहीं है उनमें मच्छर पैदा हो रहे हैं उनमें लार्वा की स्थिति देखी जा सकती है।

इतना ही नहीं है स्टेशन पर जितनी बार भी काम हुआ है संबंधित ठेकेदार काम करने के बाद सब मटेरियल यहीं छोड़कर चले जाते हैं जिसके कारण दोनों प्लेट फार्मों के साइडों में कचड़े के ढेर लग गए हैं कईं जगह पानी जाम हो रहा है, पानी निकासी के प्रबंध भी ठीक से नहीं है। प्लेटफार्म क्रमांक 2 पर जो नेम बोर्ड लगा है वह लगातार धूप और वर्षा से खराब हो गया है यहां अक्षर भी दिखाई नहीं देते। प्लेटफार्म क्रमांक 2 पर सालों पुरानी कुर्सियां लगी है जो टूटकर धराशायी हो गई हैं। यहां भारत सरकार के अमृत 2 योजना के अंतर्गत आधुनिक कुर्सियों की जरूरत है, पूरा स्टेशन चमचमाता हुआ नजर आना चाहिए। इस तरह के प्रयास यहां के रेलवे स्टेशन किया जाएं।



### बारोल जोड़ के समीप शनिवार रात्रि हुई घटना, शराब के नशे में था चालक

# राजगढ़ उर्स में आ रही ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटी, 8 घायल, एक बच्ची रेफर





हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

शराब का नशा कभी-कभी खुशियों को छीन लिया करता है। इसी बात की बानगी शनिवार रात्रि जिले की राजस्थान सीमा से सटे क्षेत्र में उसे समय देखने मिली जब शराब के नशे में टैक्टर-ट्रॉली चला रहे व्यक्ति के हाथ से वाहन अनियंत्रित हो गया। दुर्घटना में 8-10 लोग घायल हुए हैं। सभी घायल राजगढ़ मुख्यालय स्थित बाबा बदख्सानी की दरगाह पर लगे 112वें सालाना उर्स मेले में मनोरंजन के लिए आ रहे थे और इस बीच यह हादसा हो गया। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची एम्बुलेंस व अन्य साधनों से सभी घायलों को प्राथमिक उपचार के लिए खिलचीपुर अस्पताल भेजा गया। यहां एक बच्ची के गंभीर घायल होने पर उसे खिलचीपुर से सीधे भोपाल रेफर कर दिया गया।

**20 से अधिक लोग ट्रॉली में थे सवार**

जानकारी के अनुसार शनिवार रात्रि भूमरिया, पपड़ेल क्षेत्र के 20 से अधिक लोग, महिलाएं एवं बच्चे राजगढ़ उर्स मेला देखने आ रहे थे। इस दौरान रात्रि करीब 10.30 बजे बारोल जोड़ के पास टैक्टर-ट्रॉली अनियंत्रित होकर पलटी मार गई। घटना के बाद मौके पर चींख-पुकार मच गई। रात्रि का समय होने के चलते मौके पर ज्यादा लोग भी नहीं थे जो घायलों को अस्पताल भिजवा सकें। खिलचीपुर पुलिस को सूचना मिलने के बाद तत्काल एम्बुलेंस घटनास्थल के लिए रवाना की गई जिसकी मदद से सभी घायलों को खिलचीपुर अस्पताल लाया गया। सभी घायल तंवर समाज के बताए जा रहे हैं।

**दुर्घटना में ये हुए हैं घायल**

हादसे में सीमाबाई बतंवर उम्र 15 वर्ष, पूजा तंवर उम्र 14 वर्ष कान्हा तंवर उम्र 9 वर्ष, कविता तंवर उम्र 20 वर्ष, संम्पतबाई तंवर उम्र 60 वर्ष, लखन तंवर उम्र 18 वर्ष, देवीसिंह तंवर उम्र 32 वर्ष एवं किरण तंवर उम्र 7 वर्ष शामिल हैं। खिचलपीर अस्पताल में सभी घायलों का प्रायमरी ट्रीटमेंट किया गया। यहां बालिका किरण तंवर की ज्यादा गंभीर हालत के चलते चिकित्सकों ने उसे भोपाल रेफर कर दिया। इस दुर्घटना में जिस बच्ची किरण को भोपाल रेफर किया गया है उसका एक हाथ पूरा चकनाचूर हो गया है। उसकी हालत फिलहाल स्थित बताई जा रही है।

**ट्रैक्टर में लगा रखे थे बड़े स्पीकर, नशे में ड्राइवर**

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार घटना के दौरान ट्रैक्टर चालक शराब के नशे में था और काफी तेज वाहन चला रहा था। जैसे ही बारोल जोड़ आया वहीं वाहन पलट गया। गनीमत से ट्रॉली ने ज्यादा पलटी नहीं खाई अन्यथा और बड़ी जनहानि हो सकती थी। खिलचीपुर पुलिस ने ट्रैक्टर चालक बजेसिंह तंवर पर विभिन्न सुसुगत धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

# सड़क दुर्घटना में खुजनेर के युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर



रविवार को गुलावता जोड़ नेशनल हाईवे पर दर्दनाक सड़क दुर्घटना में एक युवक ने दम तोड़ दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हादसा काफी भयावह था, जिससे घटनास्थल पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। सूचना मिलते ही पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। दुर्घटना में जगदीश चौबे ने मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर सिविल अस्पताल सारंगपुर भेजा, जहा पोस्टमार्डम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। जानकारी के अनुसार मृतक जगदीश चौबे इलाज कराने के लिए सारंगपुर आया था और वापस खुजनेर लौटते समय गुलावता जोड़ के पास ट्रक (क्रमांक यूपी 32 जीएन 2417) की चपेट में आ गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही परिवार में शोक की लहर दौड़ गई, वहीं क्षेत्र में भी गम का माहौल बन गया। फिलहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है।

# चाय दुकान की पर गाली-गलौच व मारपीट की धमकी, शिकायत दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरावर




भोपाल रोड स्थित एक चाय दुकान संचालक के साथ गाली-गलौच और मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। खास बात यह है कि पूरी घटना दुकान पर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई, जिससे मामले में साक्ष्य भी सामने आ गया है।

पुलिस के मुताबिक अनिल राठौर पिता शिवनारायण राठौर निवासी ग्राम झुमका अपने भाई विशाल राठौर के साथ थाना कुरावर पहुंचकर षिकायत दर्ज करवाई है। उसने बताया कि वह भोपाल रोड पर "अश्विनी अतुल्य" नाम से चाय की दुकान संचालित करता है। रात करीब 9.30 बजे वी.के. सम्पूर्ण अस्पताल कुरावर के संचालक रवि केलकर उसकी दुकान पर पहुंचे और बिना किसी कारण के मां-बहन की गंदी-गंदी गालियां देने लगे। उन्होंने दुकान बंद करने के लिए दबाव बनाया और फरियादी को मारने पर भी उतारू हो गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में लिया है।

### पारायण चौक में हनुमान जन्मोत्सव तक अनवरत चलेंगे धार्मिक आयोजन

# कथा में श्रीराम जन्मोत्सव का प्रसंग सुनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़



**झांकियां भी मोह रही हैं श्रद्धालुओं का मन**

बीते 82 वर्षों की परंपरानुसार स्थानीय गीता मानस प्रचार समिति में नवरात्र में 9 दिवसीय रामकथा का आयोजन करवाया जा रहा है। गुड़ी पड़वां से आरंभ हुआ यह आयोजन आगामी 27 मार्च तक अनवरत जारी रहेगी। प्रतिदिन रात्रि में चल रहे इस धार्मिक आयोजन के तृतीय दिवस शनिवार रात्रि शिव-पार्वती विवाह प्रसंग सुनाया गया, वहीं झांकी भी बनाई गई। व्यासपीठासीन संत सुश्री भुवनेश्वरी भक्तों को कथा का रसपान करवा रही हैं। रविवार रात्रि श्रीराम जन्मोत्सव का प्रसंग सुनाया गया जिसे सुन भक्त भाव-विभोर हो उठे। आगामी दिनों में श्रीराम की बाल-लीलाओं, अहिल्या उत्रेहर, पुष्प वाटिका प्रसंग, राम-सीता विवाह, श्रीराम वनगमन, केवट प्रसंग, भरत चरित्र, शबरी चरित्र सहित अन्य प्रसंग सुनाए जाएंगे।

**28 मार्च से आरंभ होगी श्रीमद् भगवात कथा**

गीता मानस प्रचार समिति में चल रहे यह आयोजन सिर्फ रामकथा तक की सीमित नहीं हैं बल्कि हनुमान जन्मोत्सव तक अनवरत चलेंगे। रामकथा उपरान्त 28 मार्च को कलशयात्रा निकाली जाएगी एवं भागवत कथा आरंभ होगी। पं. प्रमोद नागर भक्तों को भागवत कथा का रसपान करवाएंगे। हनुमान जन्मोत्सव पर नगर में अन्य बड़े आयोजन भी करवाए जाने की रूपरेखा अन्य समिति, संगठनों द्वारा की जा रही है। आपको बतादें कि गीता मानस प्रचार समिति की स्थापना 82 वर्ष पूर्व हरिओम तत्सतजी महाराज द्वारा की गई। इन्हीं देवतुल्य संत की समाधि स्थानीय खोयरी महादेव क्षेत्र में निर्मित है।

## लावारिस मिली रेत खनन की सामग्री

**विदिशा।** कलेक्टर अंशुल गुप्ता के द्वारा निर्देश दिए गए हैं कि जिले में कहीं भी अवैध उत्खनन न होने पाए। निर्देशों के पालन में नदी क्षेत्र के पास अधिकारियों द्वारा निरीक्षण किया जा रहा है। शनिवार को नटेरन तहसील क्षेत्र भ्रमण के दौरान राजस्व विभाग की टीम द्वारा ग्राम गुरोद के पास सगड़ नदी क्षेत्र में रेत खनन में प्रयुक्त सामग्री जब्त करने की कार्रवाई की गई है।

तहसीलदार आनंद कुमार जैन ने बताया कि क्षेत्र भ्रमण के दौरान ग्राम गुरोद के सगड़ नदी क्षेत्र में रेत निकालने का सामान जिनमें दो इंजन, एक छन्ना, दो फुटबॉल हरे रंग की, 4 इंची 1 फुटबॉल हरे रंग की, 3 इंची 12 काले रंग के पाइप लावारिस स्थिति में पाए गए थे, जिन्हें टीम द्वारा जप्त कर नटेरन थाने में रखवाया गया है। इस कार्रवाई के दौरान थाना प्रभारी भी मौजूद रहे।

# शिवालय में भगवान नंदेश्वर और पार्वती माता की प्राण-प्रतिष्ठा की



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर

नगर के आवास कॉलोनी गायत्री शक्तिपीठ परिसर में स्थित शिवालय में नंदेश्वर भगवान एवं पार्वती मैया की मूर्ति की स्थापना कर प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि विधायक हजारीलाल दांगी, डॉ आरबी गुप्ता प्रोफेसर, सूरजमल भावसार, रामनिवास मीणा, मुख्य ट्रस्टी देवनारायण दांगी महिला मंडल गायत्री शक्तिपीठ ट्रस्टी ज्योत्सना दांगी, सुमित्रा गुप्ता, शोभा गुप्ता , मंजू गुप्ता , सूरजबाई गुप्ता , बिंदु सोनगिरा आदि की उपस्थित में प्राण प्रतिष्ठा वैदिक मंत्रोच्चारण से की गई। विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी नवरात्रि महोत्सव का आयोजन नियमित रूप से समयानुसार चल रहा है जिसमें प्रथम दिवस गणगौर पर्व पर यज्ञ पूजन एवं हवन कार्य किया गया। इस पुनीत कार्य में गायत्री परिवार सदस्य सहित धार्मिक श्रद्धालु भक्त महिला पुरुष युवा वर्ग शामिल होकर पुण्य लाभ अर्जित कर रहे हैं।

## जल गंगा संवर्धन अभियान का शुभारंभ

**नरसिंहगढ़।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद जिला राजगढ़ के अंतर्गत रविवार को नवांकुर संस्था ओम शांति महिला मंडल नरसिंहगढ़ द्वारा शासकीय महाविद्यालय नरसिंहगढ़ के परिषर में जल गंगा संवर्धन अभियान कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए परामर्श दाताओं एवं छात्र छात्राओं द्वारा वृक्ष पूजन किया गया तथा जल स्त्रोत में तलाव की साफ - सफाई की गई। कार्यक्रम में समस्त परामर्श दाता व नवांकुर संस्था के पदाधिकारी एवं छात्र छात्राओं का सहयोग प्राप्त हुआ। संस्था की अध्यक्ष हेमलता गोयल ने बताया की जल संरक्षण हमारे लिए बहुत ही आवश्यक है। वृक्ष हमें ऑक्सीजन प्रदान करते हैं। जहां अधिक बृक्ष होंगे वहां सुख सम्रद्धि वैभव शाली जीवन होता है। हम सबका दायित्व है कि हम सब इनकी रक्षा करें। अंत में सभी ने जल एवं वृक्ष बचाने की शपथ ली।




### महामंत्री पद पर त्रिकोणीय: राजेश सोनी, उमेश सिंघल व नरेंद्र सोनी के बीच

# व्यापार महासंघ अध्यक्ष पद के लिए राजेश जैन व राजीव जैन के बीच व महामंत्री के लिए त्रिकोणीय होगा मुकाबला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

व्यापार महासंघ के आगामी चुनाव, जो 29 मार्च को आयोजित होने जा रहे हैं। शनिवार को नाम वापसी की प्रक्रिया पूरी हुई। इस दौरान जिन प्रत्याशियों ने चुनाव नहीं लड़ने का निर्णय लिया, उन्होंने अपने नामांकन पत्र वापस ले लिए। जानकारी के अनुसार कुल 7 पदों के लिए 19 नामांकन पत्र जमा हुए थे। महामंत्री पद पर उमेश सिंघल, राजेश सोनी खुबाल व नरेंद्र सोनी के बीच त्रिकोणीय मुकाबला होगा। वरिष्ठ उपाध्यक्ष के लिए हरीश वाधवानी व आशीष मोदी के बीच चुनाव होगा। उपाध्यक्ष पद पर नीरज चौरसिया और आशीष माहेश्वरी के बीच चुनाव होगा। संयुक्त मंत्री के लिए अनुराग गोयल और राजकुमार नेमा मैदान में हैं। कोषाध्यक्ष पद के लिए राजकुमार अग्रवाल और मनीष जैन आमने सामने हैं।

**29 मार्च को होगा चुनाव**

विदिशा व्यापार महासंघ के वर्ष 2026-2029 के लिए चुनावों का माहौल तेज हो गया है। अध्यक्ष पद के लिए राजेश जैन और राजीव जैन (गट्टू) के बीच सीधा मुकाबला तय हुआ है। चुनाव 29 मार्च को होंगे, जिसमें शहर के 36 व्यापारी संगठनों के सदस्य नई कार्यकारिणी का चुनाव करेंगे। सभी की निगाहें मतदान और उसके परिणाम पर टिकी हैं।

# इस प्रकृति का कण-कण और मनुष्य का क्षण-क्षण भगवान के ही नियंत्रण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर





इस संसार में भगवान की इच्छा के बिना कुछ भी नहीं होता है। कुछ अच्छा हो जाने के बाद मनुष्य सोचता है कि यह मैंने किया है। लेकिन यह सनातन सत्य है कि इस प्रकृति का कण-कण और मनुष्य का क्षण-क्षण भगवान के ही नियंत्रण में है। राम जी जब जो सोचते हैं उस समय वैसा ही हो जाता है मनुष्य के किए कुछ भी नहीं होता है।

यह बात बिजासन धाम भैसवामाताजी में चैत्र नवरात्र के पावन अवसर पर चल रही श्रीराम कथा में अयोध्या से पधारे प्रेममूर्ति प्रेमभूषण महाराज कथा के चैथे दिन कहीं। आगे उन्होंने कहा कि मनुष्य के जीवन के लिए हमारे धर्म शास्त्रों में पांच प्रकार के यज्ञ की चर्चा की है। वैसे तो गृहस्थ का जीवन भी एक यज्ञ ही है लेकिन साथ ही साथ उससे भूत यज्ञ, पितृ यज्ञ, ब्रह्म यज्ञ और देव यज्ञ की भी अपेक्षा की जाती है। धर्म सम्मत जीवन जीने वाले लोग इन सभी यज्ञों को अपने जीवन काल में आसानी से पूरा कर लेते हैं। व्यासपीठ का सपत्नीक पूजन मुख्य यजमान ने किया। महाराज श्री ने कई सुमधुर भजनों से श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। बड़ी संख्या में उपस्थित रामकथा के प्रेमी, भजनों का आनन्द लेते हुए झूमते नजर आए।

### यादव समाज की जिला स्तरीय बैठक में लिया फैसला

# यादव समाज सामूहिक विवाह सम्मेलन में नाबालिग की नहीं होगी शादी और बालिग की नहीं छपेगी पत्रिका, छपवाने वाले होंगे सम्मेलन से बाहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा



तहसील में आगामी 29 अप्रैल को ग्राम निवानिया में होने वाले यादव समाज सामूहिक विवाह सम्मेलन की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। समाज को एक सही दिशा में ले जाने के लिए समाजसेवियों द्वारा कई प्रकार की पहल की जा रही है। इसी को लेकर रविवार को ग्राम निवानिया के खेड़ापति हनुमान मंदिर पर समाज की जिला स्तरीय बैठक हुई। जिसमें यादव समाज जिलाध्यक्ष विधायक अमरसिंह यादव ने कहा कि समाज के सम्मेलन में नाबालिग बच्चों की शादी के लिए बिल्कुल भी रसीद नहीं कांटे। युवक की उम्र 21 और युवती की उम्र 18 साल होना चाहिए। जिन युवक-युवती की शादी सम्मेलन में की जाएगी उनके परिजन घर पर किसी भी प्रकार का आयोजन विवाह पत्रिका छपवाकर नहीं करेंगे। अगर कोई इसके खिलाफ जाता है, तो उसको समाज द्वारा सम्मेलन में काटी गई रसीद का पैमेंट वापस कर सामूहिक विवाह सम्मेलन से बाहर कर दिया जाएगा। उन्हे समाज के सम्मेलन में शादी करने की अनुमति नहीं होगी। इस बात को बैठक में उपस्थित समाजजनों ने समर्थन कर फिजूल खर्च को रोकने पर जोर दिया गया।

**समितियों का गठन कर सौंपी जिम्मेदारी-** बैठक में जिलेभर से उपस्थित समाजजनों ने सामूहिक विवाह सम्मेलन को भव्य रूप देने के लिए दस प्रकार की अलग-अलग समितियों का गठन कर समाज की लोगों को जिम्मेदारिया दी गई। जिससे इस विशाल आयोजन को सफल किया जा सके। इसमें पाण्डाल समिति, सामान क्रय समिति, जल समिति, सुरक्षा समिति, पार्किंग समिति, भोजन समिति सहित अन्य शामिल है।

**गरीब बच्चों का निःशुल्क होगा विवाह**

विवाह सम्मेलन में गरीब युवक-युवती जिनके माता या पिता नहीं है, और घर से आर्थिक रूप से कमजोर हैं, उनका सम्मेलन में कोई पैमेंट नहीं लिया जाएगा। उनका विवाह निःशुल्क किया जाएगा। इस अवसर पर पूर्व न्यायाधीश एच.एल यादव, समाज जिलाध्यक्ष विधायक अमसिंह यादव, यादव महासभा के जिलाध्यक्ष सुरेश यादव, व्यवसायी लक्ष्मीनारायण यादव सेठ, रामसिंह यादव भाटखेड़ी, उज्जैन धर्मशाला अध्यक्ष रामगोपाल यादव, डीपीसी राजेन्द्र यादव, उंकारसिंह यादव नारियाबे, नेमंसिह यादव जामी, राधेश्याम यादव सीलखेड़ा, पूर्व सरपंच प्रेमनारायण यादव सांडाहेड़ी, पूर्व सरपंच जगदीष यादव बरखेड़ा, सरपंच लखन यादव तलेनी, युवा समाज अध्यक्ष भगवानसिंह यादव गिंदौरहाट, पूर्व सरपंच छगनसिंह यादव, सत्यनारायण यादव निवानिया, शिक्षक कमल यादव, जनपद सदस्य लखन यादव, अशोक यादव, दिनेश यादव, रमेश यादव, सुखराम यादव, हेमराज यादव कीलखेड़ा, डॉ. मोहन यादव निवानिया सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे।